ont>

Title : Need to provide adequate financial assistance to the Government of Rajasthan for its all round development. − Laid.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर): अध्यक्ष महोदय, राजस्थान का क्षेत्रफल बड़ा है और जनसंख्या अधिक है और आधे से अधिक प्रदेश रेगिस्तानी एवं पहाड़ी है और देश की सभी नदियों का कुल एक प्रतिशत पानी प्राप्त होता है। इन सभी की दृटि से और गाडगिल फार्मूले के तहत भी राजस्थान सरकार को अधिक आर्थिक सहायता करना अति आवश्यक है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि उपरोक्त बातों को ध्यान में रखकर केन्द्रीय सरकार राजस्थान सरकार को अधिक आर्थिक सहायता दे।